**Periodic Test - 3 (2022-2023)**

**GRADE 9** **Marks-40**

**Date 10.11.2022** **HINDI** **Time 1½ Hours**

**निर्देश 1. इस प्रश्न-पत्र के दो खंड हैं- अ और ब।**

**2. खंड अ में वस्तुपरक प्रश्न पूछे जाएँगे।**

**3. खंड ब में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रश्नों में आंतिरक विकल्प दिए जाएंगे।**

**(खंड अ)**

**1.निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यान से पढ़ें और प्रश्नों का उत्तर दें: (5)**

संघर्ष के मार्ग में अकेला ही चलना पड़ता है। कोई बाहरी शक्ति आपकी सहायता नहीं करती है परिश्रम, दृढ़ इच्छा, शक्ति व लगन आदि मानवीय गुण व्यक्ति को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। दो महत्त्वपूर्ण तथ्य स्मरणीय है - प्रत्येक समस्या अपने साथ संघर्ष लेकर आती है। प्रत्येक संघर्ष के गर्भ में विजय निहित रहती है। एक अध्यापक छोड़ने वाले अपने छात्रों को यह संदेश दिया था - तुम्हें जीवन में सफल होने के लिए समस्याओं से संघर्ष करने को होगा। हम कोई भी कार्य करें, सर्वोच्च शिखर पर पहुँचने का संकल्प लेकर चलें। सफलता हमें कभी निराश नहीं करेगी। समस्त ग्रंथों और महापुरुषों के अनुभवों को निष्कर्ष यह है कि संघर्ष से डरना अथवा उससे विमुख होना अहितकर है, मानव धर्म के प्रतिकूल है और अपने विकास को अनावश्यक रूप से बाधित करना है। आप जागिए, उठिए दृढ़-संकल्प और उत्साह एवं साहस के साथ संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़िए और अपने जीवन के विकास की बाधाओं रूपी शत्रुओं पर विजय प्राप्त कीजिए।

**क) मनुष्य को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं**

(i) निर्भीकता, साहस, परिश्रम

(ii) परिश्रम, लगन, आत्मविश्वास

(iii) साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति, परिश्रम

(iv) परिश्रम, दृढ़ इच्छा शक्ति व लगन

**(ख) प्रत्येक समस्या अपने साथ लेकर आती है-**

(i) संघर्ष

(ii) कठिनाइयाँ

(iii) चुनौतियाँ

(iv) सुखद परिणाम

**(ग) समस्त ग्रंथों और अनुभवों का निष्कर्ष है**

(i) संघर्ष से डरना या विमुख होना अहितकर है।

(ii) मानव-धर्म के प्रतिकूल है।

(iii) अपने विकास को बाधित करना है।

(iv) उपर्युक्त सभी

**(घ) 'मानवीय' शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय है**

(i) मानवी + य

(ii) मानव + ईय

(iii) मानव + नीय

(iv) मानव + इय

**(ङ) संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़ने के लिए आवश्यक है**

(i) दृढ़ संकल्प, निडरता और धैर्य

(ii) दृढ़ संकल्प, उत्साह एवं साहस

(iii) दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास और साहस

(iv) दृढ़ संकल्प, उत्तम चरित्र एवं साहस

**2. (क) निम्नलिखित शब्दों में से अनुस्वार के उचित प्रयोग वाले शब्द छाँट कर लिखिए - (5x1=5)**

(i) शब्द

(ii) मुंबई

(iii) अकं

(iv) प्रारभ

**(ख) 'कण्ठ' में उचित स्थान पर अनुस्वार लगाकर मानक रूप लिखिए -**

(i) कणठ

(ii) कंठ

(iii) कठं

(iv) कन्ठ

**(ग) निम्नलिखित शब्दों में से उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग कीजिए -**

(i) मत्रं

(ii) दिनाक

(iii) श्रृंगार

(iv) प्रसन

**(घ) निम्नलिखित शब्दों में से उस शब्द को चुनिए, जिसमें अनुस्वार का प्रयोग होता है -**

(i) वाद्य यत्रं

(ii) श्रृगार

(iii) वाद्य यंत्र

(iv) सपन्न

**(ङ) 'घण्टी' में उचित स्थान पर अनुस्वार लगाकर मानक रूप लिखिए -**

(i) घटी

(ii) घंटी

(iii) घन्टी

(iv) घँटी

3. **निम्नलिखित शब्दों में से अनुनासिक के चिन्ह लगाइए :** **(2x1=2))**

चाद, जाऊगा, गाव, आचल |

**4. निम्नलिखित वाक्य में से सही विराम चिन्ह युक्त वाक्य को चुनिए | (1)**

(i) सोहन, मोहन, वेदान्त और राम मेला देखने गए है |

(ii) सोहन, मोहन, वेदान्त और राम मेला देखने गए हैं |

(iii) सोहन मोहन वेदान्त और राम मेला देखने गए है |

(iv) सोहन मोहन वेदान्त और राम मेला देखने गए हैं |

**(खंड ख)**

**5. निम्नलिखित गदयांश के बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए:-**

**(14x½=7)**

**(**क)पेड़ से सेब के गिरने के पीछे छिपे रहस्य को सबसे पहले किसने समझा था?

(A) लेखक ने

(B) न्यूटन ने

(C) चंद्रशेखर वेंकट रामन् ने

(D) इनमें से किसी ने नहीं

(ख)किस सवाल का जवाब ढूँढ़ने के कारण रामन संसार में प्रसिद्ध हो गए?

(A) पेड़ से सेब नीचे ही क्यों गिरता है?

(B) प्रकाश की किरणों में कितने रंग होते हैं?

(C) समुद्र का पानी खरा क्यों होता है?

(D) आखिर समुद्र का रंग नीला ही क्यों होता है? कुछ और क्यों नहीं?

(ग) रामन् के पिता रामन् को बचपन से ही पढ़ाते थे?

(A) गणित और विज्ञान

(B) विज्ञान और हिंदी

(C) गणित और फ़िज़िक्स

(D) फिज़िक्स और विज्ञान

(घ) 'इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टीवेशन ऑफ़ साइंस' प्रयोगशाला की स्थापना किसने की थी?

(A) लेखक ने

(B) न्यूटन ने

(C) चंद्रशेखर वेंकट रामन् ने

(D) डॉक्टर महेंद्रलाल सरकार

(ङ) चंद्रशेखर वेंकट रामन् को सरकारी नौकरी छोड़कर कलकत्ता विश्वविद्यालय में प्रोफेसर का पद स्वीकार करने की राय किसने दी?

(A) लेखक ने

(B) डॉक्टर महेंद्रलाल ने

(C) आशुतोष मुखर्जी ने

(D) इनमें से किसी ने नहीं

(च) एकवर्णीय प्रकाश की किरणों में बैंगनी के बाद क्रम के अनुसार किसका नंबर आता है?

(A) आसमानी, हरे, पीले, नीले, नारंगी और लाल

(B) आसमानी, हरे, नीले, पीले, नारंगी और लाल

(C) आसमानी, नीले, हरे, पीले, नारंगी और लाल

(D) नीले, आसमानी, हरे, पीले, नारंगी और लाल

(छ) किस रंग की प्रकाश की ऊर्जा सबसे कम होती है?

(A) नीले

(B) पिले

(C) लाल

(D) आसमानी

(ज) रामन् की खोज की वजह से किसका ज्ञान आसान हो गया?

(A) पदार्थों के अणुओं का

(B) पदार्थों के अणुओं और परमाणुओं की आंतरिक संरचना का अध्ययन

(C) परमाणुओं की आंतरिक संरचना काs

(D) इनमें से किसी ने नहीं

(झ) शुरुआती दिनों में क्या संघर्ष करना पड़ा था?

(A) प्रयोगशाला और उपकरणों की कमी

(B) प्रयोगशाला की कमी

(C) उपकरणों की कमी

(D) इनमें से किसी ने नहीं

**(ञ) कवि के अनुसार मनुष्य की असली परीक्षा कब होती है?**

(A) कठिन समय में

(B) परीक्षा भवन में

(C) जीवन के अंत में

(D) इनमें से कोई नहीं

**(ट) कवि के अनुसार मनुष्य के कठिन समय में यदि कोई मदद का हाथ बढ़ाता है तो उसे क्या करना चाहिए?**

(A) कठिन समय में मदद ले लेनी चाहिए

(B) कठिन समय में किसी की मदद नहीं लेनी चाहिए

(C) उसका हाथ थाम लेना चाहिए

(D) इनमें से कोई नहीं

**(ठ) कवि के अनुसार जीवन में कौन सफल होता है?**

(A) कठिन समय में मदद लेने वाला

(B) कठिन समय में हार मानने वाला

(C) जीवन के हर मोड़ पर दूसरों पर निर्भर रहने वाला

(D) हमेशा मेहनत करने वाला

**(ड) कवि के अनुसार कठिन रास्ते पर चलने का फैसला करने वाले मनुष्य को क्या प्रतिज्ञा करनी चाहिए?**

(A) वह कभी थकेगा नहीं

(B) वह कभी रुकेगा नहीं

(C) वह कभी पीछे मुड़ कर देखेगा

(D) उपरोक्त सभी

**(ढ) कवि के अनुसार कौन सा मनुष्य अपनी मंजिल को हासिल कर लेता है?**

(A) कठिन समय में हार मानने वाला

(B) जीवन में हमेशा दूसरों पर निर्भर रहने वाला

(C) जीवन के अंत में हार मानने वाला

(D) किसी भी परिस्थिति में हार न मानने वाला

6. **निम्नलिखित किन्हीं तीन प्रश्नों का उत्तर दीजिए :** **(3x3=9)**

(क) रामन के लिए नौकरी संबंधी कौन सा निर्णय कठिन था?

(ख) उनके लिए सरस्वती की साधना सरकारी सुख सुविधाओं से कहीं अधिक

महत्वपूर्ण थी।

(ग) रामन के प्रारंभिक शोधकार्य को आधुनिक हठयोग क्यों कहा गया है?

(घ) माँग मत', 'कर शपथ', 'लथपथ' इन शब्दों का बार-बार प्रयोग कर कवि क्या कहना चाहता है?

(ङ) अग्नि कविता को मूलभाव क्या है? स्पष्ट कीजिए।

**(रचनात्मक लेखन)**

**7. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं की सहायता से लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (4)**

**(क)डाल-डाल पर सोने की चिड़िया करतीं हैं बसेरा, वह भारत देश है मेरा**

हमारा देश महान

स्वर्ण इतिहास

देश की विशेषताएँ

विदेशों में भी लहराता परचम

**(ख)नर हो न निराश करो मन को**

सफलता का आधार:

आत्मविश्वास

असंभव,संभव

लक्ष्य प्राप्ति का एकमात्र आधार

**8. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए- (4)**

(क)आपके भाई की वार्षिक परीक्षाएं विद्यालय में ही संपन्न होंगी | पढाई के प्रति गंभीरता तथा मेहनत की सलाह देते हुए उसे पत्र लिखिए |

(ख)बाज़ार में विदेशी कपड़ों की बिक्री स्वदेशी कपड़ों की तुलना में ज़्यादा है|

स्वदेशी कपडे खरीदने की सलाह देते हुए मित्र को पत्र लिखिए

**9. निम्नलिखित विषयों में से किन्हीं एक विषय पर निर्देशानुसार लगभग 40 शब्दों में संवाद लिखिए - (3)**

(क)हमारे देश में आए दिन लोग यातायात के नियमों की अनदेखी करते हैं, उनका उल्लंघन करते हैं ? इस विषय पर दो मित्रों के मध्य संवाद लिखिए |

(ख)दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए दो मित्रों के मध्य संवाद लिखिए |